हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल 2026

04 नगरपालिका ने ताप्ती बैराज से दूसरी पाइपलाइन...



07 विधायक डॉ. शर्मा ने स्कूली विद्यार्थियों को फल एवं...





## खबर संक्षेप

### युवक पर जानलेवा हमला व धमकी का मामला दर्ज

**इटारसी।** शहर के खेड़ा क्षेत्र स्थित पाल ट्रैक्टर शोरूम के पास पैसों के लेनदेन को लेकर एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, फरियादी विनोद उईके 23 वर्ष, निवासी महुआखेड़ा बाबई ने शिकायत दर्ज कराई है कि सोमवार, 13 अप्रैल को वह पाल ट्रैक्टर शोरूम के पास था। इसी दौरान आरोपी डम्पी, निवासी जुझारपुर रोड पुरानी इटारसी ने पुराने लेनदेन की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी और किसी नुकीली वस्तु से उसकी जांघ पर वार कर घायल कर दिया।

### बाल विवाह को रोकने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**नर्मदापुरम।** अक्षय तृतीया और आगामी विवाह मुहूर्तों के दौरान संभावित बाल विवाहों को रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले में 'लाडो अभियान' के अंतर्गत व्यापक तैयारियां की गई हैं।

## दूसरे दिन भी जारी रहा नगर पालिका का पीला पंजा, बाजार से हटा अतिक्रमण

# कब्जे हटाने में नगरपालिका इटारसी का अतिक्रमण विरोधीदस्ता लगातार सक्रिय

**गत दिनों हरिभूमि द्वारा प्राथमिकता से शहर के मुख्य मार्गों पर फैले अतिक्रमण के खिलाफ खबरों का प्रकाशन जारी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था और सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर 'हरिभूमि' द्वारा 12 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। खबर के प्रकाशन के बाद नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया है, जिसके चलते लगातार दूसरे दिन भी बाजार क्षेत्र में सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहा।



### सीएमओ रितु मेहरा ने संभाली कमान

मंगलवार को नगर पालिका की टीम दलबल के साथ बाजार की सड़कों पर उतरी। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और कार्यवाही का बारीकी से निरीक्षण किया। नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ते ने सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर रखे अवैध सामान, टिन शेड और बोर्डों को हटाकर आवागमन को सुगम बनाया। कार्यवाही के दौरान सीएमओ ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़े लहजे में हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि यदि भविष्य में दुकानों के बाहर दोबारा सामान रखा पाया गया, तो केवल जब्ती ही नहीं बल्कि भारी जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

### इन क्षेत्रों में अभी भी अतिक्रमण मुहीम की दरकार

शेर के मुख्य बाजार क्षेत्र और लाइन एरिया में लगभग सभी बैंक स्थित है। लेकिन किसी भी बैंक के पास पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। प्रतिदिन बैंकों में आने वाले सैकड़ो ग्राहकों एवं उनके कर्मचारियों के वाहन मुख्य सड़क पर ही खड़े होते हैं, जिससे मार्ग अवरुद्ध होता है और आवागमन में लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। लाइन एरिया में स्थित बैंकों के सामने से निकलना कई बार बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। नपा को बैंकों को नोटिस भेजकर इस संबंध में कार्यवाही करना चाहिए। इस दिशा में कभी भी नगर पलिका एवं पुलिस प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नागरिक इस ओर ध्यान देने की मांग लंबे समय से मांग कर रहे हैं।

### यातायात को मिली राहत

लगातार हो रही इस कार्यवाही से मुख्य बाजार और संकरी गलियों में पैदल चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। नगर पालिका की इस सक्रियता से उन दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति है जो सड़क तक अपना व्यापार फैलाए हुए थे। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। वहीं नपाध्यक्ष ने नागरिकों से अपील भी की है कि शहर के मुख्य मार्गों और सड़कों पर अतिक्रमण न करें। साथ ही गलियों में कचरे का ढेर और गंदगी न फैलाएं। नगर को स्वच्छ रखने में नपा का सहयोग करें ताकि शहर को बेहतर बनाया जा सके।

# सफलता:55 लाख की कीमत के 375 चोरी हुए मोबाइल बरामद

## प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नर्मदापुरम पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन में पिछले एक वर्ष में जिले भर से कुल 375 मोबाइल रिकवर किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 55,50,000 रुपये है।

डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम के सीईआईआर पोर्टल और सायबर सेल की मदद से तकनीकी विश्लेषण कर पुलिस ने लगभग 85 प्रतिशत रिकवरी रेट हासिल किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ नर्मदापुरम जिला, मोबाइल रिकवरी के मामले में पूरे मध्य प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है। विशेष अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थानों ने सक्रियता दिखाते हुए गुम हुए मोबाइल खोजे। इसमें थाना इटारसी ने सर्वाधिक 43 मोबाइल बरामद किए।

### व्यस्त इलाकों पर नजर

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन में सायबर सेल और थाना प्रभारियों ने मेलों, सब्जी मंडियों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुम हुए मोबाइलों को ट्रेस करने के लिए विशेष टीमें गठित की थीं। इस संपूर्ण कार्यवाही में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों और सायबर सेल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### लोटाए मोबाईल

सोहागपुर व कोतवाली,42 मोबाइल, माखन नगर 40 मोबाइल, सिवनी मालवा 38 मोबाइल, पिपरिया: 35 मोबाइल, देहात (नर्मदापुरम): 31 मोबाइल, बनखेड़ी: 29 मोबाइल, स्टेशन रोड पिपरिया: 19 मोबाइल, केसला: 16 मोबाइल, पथरौटा: 15 मोबाइल, पचमढ़ी: 13 मोबाइल इसके अलावा डोलरिया, रामपुर गुर्रा, शिवपुर और तवानगर पुलिस ने भी मोबाइल बरामद कर फरियादियों को लौटाए।

# नीर पखेरू अभियान के तहत पक्षी आवास योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम में डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में संचालित 'नीर पखेरू योजना' को एक नई दिशा मिली है। सीएसी राजकुमार बघेल ने अपने पूज्य पिता स्व. रामप्रकाश बघेल की पुण्यतिथि के अवसर पर जेएसके जमानी (केसला) में 'पक्षी आवास योजना' की शुरुआत की।

इस अनूठी पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी और सुरक्षित आश्रय सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल, प्रभारी बीआरसी रत्ना सोनिया, जनशिक्षक रंजना एवं जनशिक्षा केंद्र की समस्त शालाओं के प्रधान पाठकों को पक्षी आवास और सकोरे भेंट किए गए।

इसी क्रम में प्रधान पाठक चेतन्य राय द्वारा भी सकोरों का वितरण किया गया। सीएसी बघेल ने इस अवसर पर आह्वान किया कि हर विद्यालय और घर में घोंसला व दाना-पानी रखकर इस संकल्प को साकार करें। यह छोटी सी कोशिश न केवल पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करेगी।

# परशुराम जयंती अंतर्गत कार्यक्रमों का हुआ आगाज, पहले दिन हुईं विभिन्न खेल स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ मंगलवार से हो गया। यह आयोजन शहर की दूसरी लाइन स्थित परशुराम भवन में किया जा रहा है, जहां महिला मंडल, युवती दल एवं अन्य संगठनों के सहयोग से विविध सांस्कृतिक व प्रतियोगी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मंगलवार को प्राकट्योत्सव समारोह के अंतर्गत कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शतरंज जूनियर वर्ग में शाश्वत तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवांश शर्मा द्वितीय रहे। सात्विक शर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। शतरंज सीनियर वर्ग में अमरीश तिवारी ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं डॉ. ए.पी. तिवारी द्वितीय स्थान पर रहे। कैरम सीनियर वर्ग में अभिनव शर्मा विजेता बने और प्रशांत चौबे उपविजेता रहे। कैरम जूनियर वर्ग में शिवांश तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्लोक शर्मा रनरअप रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश शर्मा, बसंत दुबे एवं डॉ. ए.पी. तिवारी उपस्थित रहे।




# विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क ज्ञान, आज इटारसी में पहुंचेगा 'AI विकास यात्रा रथ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आधुनिक तकनीक और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इटारसी में एक विशेष तकनीकी जागरूकता अभियान का आगाज होने जा रहा है।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग एवं आईसेक्ट भोपाल के तत्वावधान में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास यात्रा रथ आज 15 अप्रैल 2026 को प्रातः 10:00 बजे एक निजी स्कूल पहुंचेगा।




इस महत्वपूर्ण यात्रा का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष पंकज चौरे एवं विशिष्ट अतिथि नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से शहर के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को वर्तमान युग की सबसे प्रभावशाली तकनीक 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के लाभ और इसके भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से और पूरी तरह निःशुल्क जानकारी प्रदान की जाएगी।

# सड़क पर सामान रखकर रास्ता रोकना पड़ा भारी, 'दर्वेश इलेक्ट्रॉनिक्स' के संचालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के व्यस्त बाजारों में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अब सख्त रुख अपना रहा है। लगातार दी जा रही समझाइश के बावजूद सार्वजनिक मार्ग बाधित करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान संचालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा लगातार बाजार में पैदल पेट्रोलिंग की जा रही है। इस दौरान दुकानदारों को हिदायत दी जा रही है कि वे अपनी दुकान के सामान जैसे—कूलर, फ्रिज, कपड़ों के स्टैंड आदि सड़क पर न रखें, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। पेट्रोलिंग के दौरान पाया गया कि दर्वेश इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजकुमार नवलानी ने पुलिस की पूर्व समझाइश को अनसुना करते हुए सार्वजनिक रोड पर बिक्री और प्रचार-प्रसार के लिए कूलर रख दिए थे। इससे यातायात में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था।

नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने दर्वेश इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जल्द ही चालान न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क अवरुद्ध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले भी बाजार क्षेत्र में मार्ग बाधित करने पर शिव फर्नीचर, अनिल बूट हाउस,महेश टीवी सेंटर, विजय इलेक्ट्रॉनिक्स के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा चुकी है।एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने व्यापारियों से अपील की है कि वे सड़क पर सामान रखकर यातायात को बाधित न करें। यदि भविष्य में भी किसी प्रतिष्ठान द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण किया जाता है, तो उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

# संभागीय क्रिकेट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज होगा

## मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी होंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के सबसे पुराने क्लबो मे से एक मिराज क्रिकेट क्लब द्वारा संभागीय क्रिकेट प्रतिभाओ का आज स्थानीय दिव्य परिसर मे सम्मान किया जावेगा।

क्लब से जुड़े योगेश परसाई ने बताया की विगत वर्षो मे संभागीय खिलाडियों द्वारा राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओ मे अपना जोहर दिखाया है, जिसके लिए मिराज क्लब उन्हे सम्मानित करेगा। इनके अलावा संभागीय क्रिकेट टीम को मप्र विजेता बनने पर और विभिन्न माध्यमो से या क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमी के माध्यम से क्रिकेट के विस्तार के लिए कार्य करने वालो को भी सम्मानित किया जावेगा। स्व जे एल वर्मा को मरणोपरान्त लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित कर उनके क्रिकेट के लिए प्रयासों का याद कर सम्मानित किया जावेगा ये आवार्ड उनके परिजनों को दिया जावेगा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मप्र क्रिकेट एसोसिएशन एवं नर्मदापुरम संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं खिलाडी मौजूद रहेंगे। मिराज क्लब के सदस्यों द्वारा सभी से कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की।

# नपाध्यक्ष ने किया वार्ड 3 का निरीक्षण जल संकट दूर करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने मंगलवार सुबह वार्ड 3 में जल आपूर्ति व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। पिछले कुछ दिनों से वार्ड वासियों द्वारा मिल रही पानी की किल्लत संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर पानी की टंकी और संपवेल की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि वार्ड के 80 प्रतिशत हिस्से में टंकी के माध्यम से सुचारू सप्लाई हो रही है, लेकिन शेष 20 प्रतिशत क्षेत्र में सीधे ट्यूबवेल से पानी दिया जा रहा है, जिससे तकनीकी समस्या और कम दबाव की स्थिति बन रही है। अध्यक्ष ने जल कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस प्रभावित क्षेत्र को भी तत्काल मुख्य पाइप लाइन से जोड़ा जाए ताकि पूरे वार्ड में एक समान दबाव के साथ पेयजल उपलब्ध हो सके। ग्रीष्मकाल की चुनौतियों को देखते हुए अध्यक्ष पंकज चौरे ने विभागीय अमले को सचेत किया कि पानी से जुड़ी किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर एल्डरमैन अतुल शुक्ला, आशीष मालवीय और जल कार्य प्रभारी संजय दुबे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्हें कार्य में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई।



# '17 तक भुगतान नहीं हुआ तो बेमियादी हड़ताल पर जाएंगे'



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जनपद पंचायत केसला में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायकों का धैर्य अब जवाब दे गया है। पिछले चार महीनों से मानदेय (वेतन) नहीं मिलने से नाराज रोजगार सहायकों ने सोमवार से सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में ग्राम रोजगार सहायक] सहायक सचिव आजाद संगठन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। संगठन द्वारा दिए गए पत्र में बताया गया है कि वेतन के अभाव में रोजगार सहायकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। कर्मचारियों का कहना है कि एक तरफ वे शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने, बच्चों की स्कूल फीस भरने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## 16 को सिवनी मालवा आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# दोपहर 2 बजे हेलिपैड पर आगमन, हनुमान मंदिर से पत्थर पुल तक होगा रोड शो, नपाध्यक्ष ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 16 अप्रैल 2026 को सिवनी मालवा आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे बड़ी नहर के पास बनाए गए हेलिपैड पर उतरेंगे, जिसके बाद हनुमान मंदिर से लेकर पत्थर पुल तक भव्य रोड शो निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पूरे नगर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं और शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। रोड शो के दौरान 5 क्विंटल फूलों से मुख्यमंत्री का स्वागत किया जाएगा। नगर के 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच बनाए जा रहे हैं, जहां ढोल-नगाड़ों और बड़ी फूलमालाओं से मुख्यमंत्री का वंदन-अभिनंदन किया जाएगा। विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों द्वारा अभिनंदन पत्र भी भेंट किए जाएंगे।



नगर पालिका अध्यक्ष रितेश रिंकू जैन लगातार तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बड़ी नहर के पास बनाए जा रहे हेलिपैड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही नगर पालिका कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक लेकर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और मार्ग सजावट सहित सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नगर में हनुमान मंदिर से पत्थर पुल तक पूरे मार्ग को झालर, झंडियों और आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के स्वागत में कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक और विकास कार्य भी तेज किए गए हैं। डोलरिया गैस प्लांट से नर्मदापुरम होते हुए टिमरनी तक सड़क के 10 मीटर चौड़ीकरण का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रहे।

रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री खुली जीप में जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। पांच स्थानों पर तुलादान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर में उत्साह चरम पर है और पूरे शहर में ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

# फ्रेंड्स चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-3 का हुआ शानदार समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले की चर्चित क्रिकेट प्रतियोगिता फ्रेंड्स चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-3 का फाइनल मुकाबला बड़े ही उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। खिताबी मुकाबले में सुमी बैंस रिलायंस,की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज 3.4 ओवर में जीत दर्ज की। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स बी ने निर्धारित 7 ओवर में 30 रन बनाए। जवाब में उतरी सुमी बैंस रिलायंस की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 3.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और जीत दर्ज की। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए गोलू असर को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस बार प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि पूरे टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से किया गया, जिससे न केवल स्थानीय बल्कि दूर-दराज के दर्शकों ने भी मैच का आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### फायर सेवा के लिए वैकल्पिक नंबर जारी

**बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल ने अग्नि संबंधी दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक संपर्क नंबर जारी किए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडेय के अनुसार, फायर वाहन उपलब्ध कराने हेतु सामान्यतः 101 तथा पुलिस कंट्रोल रूम बैतूल के मोबाइल नंबर 7049101017 पर संपर्क किया जाता है, लेकिन इन नंबरों पर संपर्क न होने की स्थिति में नागरिक सीधे संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। जारी सूची के अनुसार कार्यालय अधीक्षक विजय हुद्दार 8770748518, स्वच्छता निरीक्षक संतोष धनेलिया 6260913576, फायर वाहन चालक सुनील भलावी 9406049503, रत्नेश पाल 9424007748, शितलेश पवार 8085236236, विशाल खरे 9993537200, शरद यादव 8966097721 तथा नवनीत महरणवार 9424005115 के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। सीएमओ श्री पांडेय ने नागरिकों से अपील की है कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय इन नंबरों पर तत्काल संपर्क कर सहायता प्राप्त करें, जिससे समय रहते आग पर काबू पाया जा सके और जन-धन की हानि को रोका जा सके।

### शादी का प्रलोभन देकर दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** शादी का प्रलोभन देकर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने उत्तरप्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली में एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी फेसबुक के माध्यम से नोएडा निवासी सुनील राजपूत (उम्र 25 वर्ष) से पहचान हुई थी। परिचय के बाद आरोपी बैतूल आया और सोनी होटल में कमरा लेकर महिला से मिला, जहां उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ 3-4 बार शारीरिक संबंध बनाए। इसके पश्चात आरोपी के कहने पर महिला बिना परिजनों को बताए नोएडा पहुंची, जहां आरोपी ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। ठगी और मानसिक आघात से पीड़ित महिला वापस बैतूल आकर थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना कोतवाली से एक विशेष पुलिस टीम नोएडा रवाना की गई, जिसने आरोपी को गिरफ्तार कर बैतूल लाया। आरोपी को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक देवकरण डहेरिया, उप निरीक्षक छत्रपाल धुर्वे, उप निरीक्षक चित्रा कुमरे, आरक्षक नितिन चौहान, आरक्षक अनिरुद्ध यादव, आरक्षक राजेन्द्र धाड़से, आरक्षक दीपेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

### मांडवी आंगनवाड़ी में पोषण पखवाड़ा आयोजित

**बैतूल।** ग्राम मांडवी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय आयुर्वेद औषधालय मांडवी के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल राय द्वारा किया गया। यह आयोजन आयुक्त संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देश एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत मांडवी की पंच सोनम झपाटे ने किया।

### पाइप लाइन और इंटकवेल पर खर्च होंगे 32 करोड़

# नगरपालिका ने ताप्ती बैराज से दूसरी पाइपलाइन बिछाने बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

शहर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ताप्ती बैराज से बैतूल तक समानांतर पाइपलाइन बिछाने और एक अतिरिक्त इंटकवेल निर्माण की योजना है। इस परियोजना के एस्टीमेट की अनुमानित लागत करीब 32 करोड़ रूपये है। प्रस्ताव के अनुसार ताप्ती बैराज से बैतूल तक पाइप लाइन बिछाई जायेगी। इसके अलावा बैराज के क्षतिग्रस्त हिस्से को दुरुस्त करने की कवायद भी जारी है। बताया जा रहा है कि शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछानी पड़ रही है। परियोजना की लागत अधिक होने के पीछे बड़ा कारण इसका तकनीकी और भौगोलिक रूप से जटिल होना भी बताया जा रहा है।

वर्तमान में नगरपालिका जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के डैम से पेयजल के लिए पानी प्राप्त कर रही है, लेकिन यह व्यवस्था स्थायी नहीं है। लोकल एग्रीमेंट पर डब्ल्यूआरडी नपा को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध करा रहा हैं, लेकिन आने वाले तीन से चार वर्षों में ड्रिप एरिगेशन योजनाओं के विस्तार होने से डैम का पानी सिंचाई के लिए प्राथमिकता से उपयोग किया जाएगा। ऐसी स्थिति में नगरपालिका को पेयजल के लिए मिलने वाला पानी प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा डब्ल्यूआरडी से पानी की आपूर्ति को लेकर शासन स्तर से कोई दीर्घकालिक अनुबंध भी नहीं है। ऐसे में भविष्य में जल उपलब्धता को लेकर स्पष्टता नहीं है कि शहर को डैम से कब तक पानी मिलता रहेगा।



शहर में एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई

अभी वर्तमान में शहर में एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं आने से फिल्टर प्लांट की पूरी क्षमता का उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। फिल्टर प्लांट की क्षमता 23 लाख लीटर पानी प्रतिदिन फिल्टर करने की है, लेकिन ताप्ती बैराज से अभी साढ़े 7 एमएलडी पानी ही आ पाता है। यदि एक और पैरेलल पाइप लाइन बिछ जाती है तो 15 एमएलडी पानी आ सकता है और यह पूरा-पूरा फिल्टर करके सप्लाई किया जा सकता है। अभी सिर्फ साढ़े 7 एमएलडी पानी आने के कारण एक नई टंकी को बनने के बाद से अभी तक नहीं भरी जा सकी है। इसके अलावा 4 और नई टंकियों का निर्माण भी हो रहा है। नगरपालिका के पास फिल्टर तक पर्याप्त पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण ही यह सारी स्थिति बन रही है।

### ताप्ती बैराज से आ रहा साढ़े एमएलडी पानी

शहर में अभी ताप्ती बैराज से केवल साढ़े 7 एमएलडी पानी आ रहा है। यह शहर की जरूरत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। यही कारण है कि अभी शहर में एक दिन के अंतराल से पानी की सप्लाई हो रही है। नवागत सीएमओ नवनीत पांडेय ने पिछले दिनों ताप्ती बैराज का निरीक्षण कर ज्यादा पानी शहर तक लाने की संभावनाएं तलाशी थी। इसमें यह विकल्प सामने आया था कि यदि एक और पाइप लाइन बिछा दी जाए तो दोगुनी मात्रा में पानी लाया जा सकता है। इस कार्य में ताप्ती बैराज से बैतूल तक बिना नेटवर्क वाले क्षेत्र में करीब 15 किमी लंबी पाइप लाइन और नया इंटकवेल बनाना शामिल है। इस संबंध में सीएमओ ने 10 दिनों में प्लान बनाने के निर्देश दिए थे।

### अनुमानित 32करोड़ रुपए का है एस्टीमेट

नगरपालिका द्वारा ताप्ती बैराज से बैतूल तक दूसरी पाइप लाइन बिछाने और इंटकवेल बनाने की योजना पर कार्य किया जाता है तो इसके लिए अनुमानित 32 करोड़ रूपये खर्च होगे। नगरपालिका इस प्लान पर कार्य शुरू करने की तैयारी भी करती है तो शासन स्तर पर बजट मिलना चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि पेयजल सप्लाई के सेटअप के लिए शासन पहले ही नगरपालिका को करोड़ों रुपए की राशि दे चुका है। ऐसे में दोबारा सेटअप तैयार करने के लिए इतनी बड़ी राशि दिया जाना मुश्किल नजर आता है। फिलहाल ताप्ती बैराज के टूटे हुए हिस्से को ठीक करना होगा। जिसके बाद ही यहां पर्याप्त मात्रा में पानी रोका जा सकता है।

### पाइप लाइन बिछने विभागों से एनओसी लेना जटिल प्रक्रिया

दूसरी पाइप लाइन बिछाने के दौरान बैतूल-इंदौर फोरलेन, माचना ब्रिज, रेलवे लाइन सहित कई पुल पुलियाओं को पार करना पड़ेगा। इन स्थानों पर कार्य करने संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना अनिवार्य होगा, जो एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है। इससे परियोजना के क्रियान्वयन में समय और लागत दोनों बढने की संभावना है। हालांकि दूसरी पाइप लाइन बिछ जाने से पानी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएंगी, क्योंकि अभी एक ही पाइप लाइन से साढ़े 7 एमएलडी पानी बैतूल पहुंच रहा है। जब दूसरी पाइप लाइन बिछ जायेगी तो दोगुनी मात्रा में यहां पानी लाया जा सकेगा। जिससे उम्मीद है कि शहरवासियों रोजाना पानी उपलब्ध होगा।

### इनका कहना है -

सीएमओ सर ने 10 दिनों के अंदर एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिये थे। एस्टीमेट बनाकर दे दिया गया है। दूसरी पाइप लाइन बिछाने और इंटकवेल बनाने के लिए अनुमानित 30 से 32 करोड़ रूपये खर्च होगे।

**- नीरज धुर्वे, सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल**

# मजदूर का शव घर में फंदे पर मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल



सोनाघाटी चौकी क्षेत्र के ग्राम कढ़ाई में एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक की पहचान अशोक पिता किशोरी लाल बरकड़े के रूप में हुई है। यह घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच अशोक की पत्नी खाना बनाने के बाद उन्हें खाने के लिए बुलाने कमरे में गईं। वहां उन्होंने देखा कि अशोक वेंटिलेशन में रस्सी बांधकर फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। यह दृश्य देखकर पत्नी घबरा गईं और उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों तथा परिजनों को सूचना दी। कुछ ही देर में ग्रामीण और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही सोनाघाटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, अशोक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# विधायक के प्रयासों से तकनीकी बाधा हुई दूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आमला

आमला-सारणी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के समन्वय एवं प्रयासों से विधानसभा के अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य लादी एवं भाडावाड़ी वासियों के लिए सुरक्षित सम्पर्क करने के उद्देश्य से निर्मित होने वाले लादी से भाडावाड़ी सड़क निर्माण में तकनीकी अड़चनें दूर हो गई है। ज्ञात हो कि 439 लाख रुपए वाली स्वीकृत सड़क का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। गौरतलब है कि वन क्षेत्र से जाने वाली प्रस्तावित सड़क के निर्माण में विभिन्न तकनीकी अड़चनो के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ था। विधायक डॉ. पंडाग्रे के द्वारा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से उक्त सड़क निर्माण में सभी बाधाएं दूर हो चुकी है। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के प्रयासों से स्वीकृत लादी भाडावाड़ी सड़क, आमला सारणी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जन जातीय बाहुल्य ग्रामों में निवासरत ग्रामीणों के लिए एक



बड़ी सौगात के रूप में देखी जा रही है गौरतलब है कि लगभग एक पखवाड़ा पहले क्षेत्रीय विधायक डॉ. पंडाग्रे ने दूरस्थ वन ग्राम लादी प्रवास के दौरान ग्रामीणों को उक्त सड़क निर्माण हेतु सभी विभागीय रुकावटों को दूर कर सड़क निर्माण के लिए आश्वस्त किया था। उसी तारतम्य में विधायक डॉ. पंडाग्रे के द्वारा विभागीय समन्वय एवं प्रयासों से तकनीकी अड़चनों के दूर होने के साथ उक्त सड़क निर्माण जल्द प्रारंभ होगा।

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

# भौंरा में भाजपा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भौंरा

नगर के मंगल भवन में मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में भौंरा एवं बीजादेही मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरुआत एकत्रीकरण, पंजीयन एवं चाय के साथ हुई। इसके बाद प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन कराया गया। उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन, संपूर्ण वंदे मातरम एवं अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रथम सत्र में विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। द्वितीय सत्र में श्री सतीश बडोनिया ने भाजपा के इतिहास एवं विकास यात्रा को विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में तपन मालवीय ने संगठन के वैचारिक अधिष्ठान पर मार्गदर्शन देते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा से जोड़े रखने का आह्वान किया। चतुर्थ सत्र में अतीत पंवार ने बूथ प्रबंधन को चुनावी सफलता की कुंजी बताते हुए प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने पर जोर दिया। पंचम सत्र में कांतिलाल यादव ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। षष्ठम सत्र में आदित्य बबला शुक्ला ने संगठन की कार्यपद्धति को विस्तार से समझाया। सप्तम सत्र में अभिजर हुसैन ने सोशल मीडिया एवं नमो ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी, वहीं अष्टम सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधाकर पंवार ने कार्य विस्तार हमारी दृष्टि विषय पर मार्गदर्शन दिया।

### 50 सीसीटीवी खंगालकर 24 घंटे में हुई गिरफ्तारी

# युवती को टक्कर मारने वाला ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-46 पर 12 अप्रैल को हुए सड़क हादसे में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में मुलताई से अपनी शादी के कार्ड बांटकर स्कूटी से लौट रही गुरुगुंदा निवासी हीरा उइके की मौत हो गई थी, जिसके बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर निशाना निवासी आरोपी दिनेश बटके को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही नीले-सफेद रंग का ट्रैक्टर और लाल ट्रॉली जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, गुरुगुंदा निवासी हीरा उइके 12 अप्रैल को मुलताई से अपनी शादी के कार्ड बांटकर स्कूटी से वापस लौट रही थीं। उनकी शादी 12 मई को होनी तय थी। इसी दौरान शाहपुर बायपास पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस टीम ने इस ब्लाइंड केस को सुलझाने के लिए हाईवे के आसपास लगे लगभग 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर की पहचान संभव हो सकी। जांच में पता चला कि यह ट्रैक्टर निशाना निवासी दिनेश बटके का है। पहचान सुनिश्चित होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश बटके को गिरफ्तार कर लिया और दुर्घटना में प्रयुक्त नीले-सफेद रंग के ट्रैक्टर व उसकी लाल ट्रॉली को भी जब्त कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। वहीं, पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे वाहन सावधानी से चलाएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि दुर्घटना के बाद मौके से भागना एक गंभीर अपराध है।

# नवोदय और एकलव्य स्कूल में चयनित बच्चों का सम्मान, ग्रामीणों ने शिक्षा के प्रति जगाई अलख



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आमला

ग्राम बारंगवाड़ी में संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. आंबेडकर की जयंती इस वर्ष बेहद अनूठे और प्रेरणादायी तरीके से मनाई गई। ग्रामीणों ने पारंपरिक आयोजनों से हटकर इस दिन को पूरी तरह शिक्षा को समर्पित किया। शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में उन प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया, जिनका चयन प्रतिष्ठित आवासीय शिक्षण संस्थानों (नवोदय और एकलव्य विद्यालय) के लिए हुआ है। इस समारोह की सबसे खास बात यह रही कि इसमें किसी बड़े पदाधिकारी के बजाय, विद्यालयी छात्र लवलेश कुमरे, सूर्या कुमरे और नवीन इवने को ही मुख्य अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर, जननायक बिरसा मुंडा और माँ सरस्वती के पूजन व माल्यार्पण के साथ हुई। अतिथियों के स्वागत के बाद वक्ताओं ने अपने विचार रखे। अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जिन बच्चों का चयन नवोदय और एकलव्य स्कूलों के लिए हुआ है, उनकी सफलता के पीछे कडी मेहनत के साथ-साथ उनके माता-पिता और शिक्षकों का बडा त्याग व समर्पण है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई में निरंतर रुचि लें। विधानसभा प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि हर बच्चा नियमित रूप से स्कूल जाए और अधिक से अधिक छात्र नवोदय जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हों। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक लखन धुर्वे भावुक हो गए। उन्होंने भावुक मन से कहा कि गांव में शिक्षा की राह में किसी भी बच्चे को संसाधनों की कमी महसूस नहीं होने दी जाएगी। वहीं, शिक्षिका इमरती धुर्वे ने समाज की प्रगति के लिए बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया।

### इन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

ग्रामीणों द्वारा आयोजित इस गौरव समारोह में नवीन पप्पू इवने, लवलेश सुरेश कुमरे, सूर्या कैलाश कुमरे, अनमोल राजू उइके, योगिता और नवीन शिवकरण उइके को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने इन बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### हेमंत खंडेलवाल ने 20 लाख देने की घोषणा

# ब्राह्मण समाज ने सामुदायिक भवन व वाटिका की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

बैतूल सनातन ब्राह्मण समाज द्वारा काफी अरसे से परशुराम सामुदायिक भवन निर्माण एवं परशुराम वाटिका निर्माण की मांग की जा रही थी। इस मांग को समाज द्वारा मंगलवार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल के समक्ष रखा। जिस पर श्री खंडेलवाल ने जिले के ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम सामुदायिक भवन के प्रथम चरण निर्माण एवं वाटिका निर्माण के लिए सनातन ब्राह्मण समाज को 20 लाख देने की घोषणा की है। इस अवसर पर सनातन ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुभाष पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल मिश्र उपाध्यक्ष राजेश अवस्थी, अनिल दुबे, एस.पाटिल आदि रहे मौजूद।

### बाबासाहेब आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

# बाबासाहेब के विचारों से प्रेरित होकर देश निरंतर प्रगति कर रहा है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जे.एच. कॉलेज बैतूल के सभागार में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष सारणी किशोर वर्दे सहित हंसराज धुर्वे, अनिल कापसे, सुरेश गायकवाड, डॉ महेंद्र सिंह चौहान, शशिकांत नागले, श्री टेकाम, दशरथ धुर्वे, कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक पांडे तथा अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बाबासाहेब के विचारों, उनके योगदान एवं सामाजिक समरसता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की छात्रा लक्ष्मी प्रधान ने डॉ. अंबेडकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. योगेश पंडाग्रे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब का योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने श्रमिकों के कार्य समय को 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे करने, न्यूनतम मजदूरी, महिलाओं को शिक्षा एवं मतदान का अधिकार, तथा सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने औद्योगिक विकास, बैंकिंग प्रणाली और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आधुनिक भारत की नींव रखीं। उन्होंने बाबासाहेब से जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने कहा कि बाबासाहेब का जीवन संघर्ष, संकल्प और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और कोलंबिया जैसे संस्थान में अध्ययन कर यह सिद्ध किया कि प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। उन्होंने विश्व के सबसे अच्छे संविधान का निर्माण किया जिसके बल आज हम सभी सामाजिक समरसता, समानता, बंधुत्व और एकता की भावना से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी से बाबासाहेब के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

### विशाल बत्रा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

सारनी। सतपुड़ा ठेकेदार संघ के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता विशाल बत्रा को प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारी मिलने एवं बत्रा के प्रथम नगर आगमन पर शॉपिंग सेंटर में वरिष्ठ व्यापारियों, भाजपा नेताओं ने पुष्प माला पहनाकर अभिनंदन किया ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं लीला करारिया पति प्रहलाद करारिया उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम दनोरा, तह./जिला बैतूल (मप्र.) की निवासी हूं। मेरी पुत्री माधुरी पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय आमला में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत है। मेरी पुत्री माधुरी करारिया का नाम जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आई.डी., आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र में माधुरी करारिया ही दर्ज है। लेकिन उसके शालेय अभिलेख में माधुरी करारिया के स्थान पर माधुरी करारे दर्ज है। मैं अपनी पुत्री माधुरी करारिया का शालेय अभिलेख में करारे के स्थान पर करारिया सरनेम दर्ज कराना चाहती हूँ, जो कि सत्य व सही है एवं अन्य दस्तावेजों में भी यही दर्ज है। मैंने पुत्री माधुरी के शालेय दस्तावेज में करारे के स्थान पर करारिया सरनेम सुधार हेतु पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय आमला, तह.-आमला, जिला बैतूल में यह शपथपत्र प्रस्तुत किया है।

शपथकर्ता - लीला करारिया पति प्रहलाद करारिया निवासी ग्राम दनोरा, तह. जिला बैतूल

## खबर संक्षेप

### शहीद वनरक्षक हरिकेश गुर्जर को वन विभाग ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**इटारसी।** कर्तव्य की वेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले मुरैना के स्वर्गीय हरिकेश गुर्जर वनरक्षक की स्मृति में इटारसी वन परिक्षेत्र द्वारा एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। वनकर्मियों ने नम आंखों से अपने साथी को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम की शुरुआत इटारसी ओवरब्रिज के समीप स्थित वन परिक्षेत्र कार्यालय में हुई। यहां रेंजर अभिषेक शर्मा की उपस्थिति में समस्त स्टाफ ने एक शोकसभा आयोजित की। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई और उनके द्वारा विभाग को दी गई सेवाओं का स्मरण किया गया। शोकसभा के उपरांत वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने एक श्रद्धांजलि रैली निकाली। यह रैली वन परिक्षेत्र कार्यालय से प्रारंभ होकर खेड़ा, इटारसी तक गई। रैली के माध्यम से वनकर्मियों ने समाज को संदेश दिया कि वन संपदा की रक्षा में अपनी जान गवाने वाले जांबाज हमेशा याद रखे जाएंगे।

## शहर में जगह-जगह मनाई गई आंबेडकर जयंती, विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# विधायक डॉ. शर्मा ने स्कूली विद्यार्थियों को फल एवं पठन सामग्री का किया वितरण

मंगलवार को जिले में आंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पुरानी इटारसी स्थित मुस्कान संस्था में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया। भारतीय जनता पार्टी मंडल पुरानी इटारसी की उपाध्यक्ष रीना डोईफोड़े के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर न्यू यार्ड क्षेत्र की महिलाओं ने विधायक को भारतीय संविधान की प्रति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कीजयंती के उल्लास को बच्चों के साथ साझा करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु कॉपी, पेन और कलर किट जैसी सामग्री वितरित की गई। साथ ही बच्चों को फलाहार भी दिया गया। इस मानवीय पहल में संस्था के संस्थापक समाजसेवी मनीष ठाकुर और उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के साथ समय बिताकर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता जयकिशोर चौधरी, अवध पाण्डेय, पार्षद मनजीत कलोसिया, नर्मदापुरम ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोकुल पटैल, जमुना प्रसाद महोबिया, सतीश पटेल, अंकिता चौबे, रचना पटेल, मोनिका चव्हाण, छाया सोलंकी, संगीता सूर्यवंशी, मनीषा साठे और रेनू चौरे का सराहनीय सहयोग रहा। मोनिका चव्हाण ने आभार व्यक्त किया।



### कांग्रेस ने आंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर सौंपा ज्ञापन




बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को नगर पालिका परिषद इटारसी के सामने नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका एवं प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इटारसी नगर में शीघ्र ही बाबा साहब की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके विचारों से प्रेरणा ले सकें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर पंकज राठौर, बाबू चौधरी, मोहन झालिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में नगर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को बाबा साहब की प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

### पांजरा कलां में प्रतिमा का सांसद विधायक ने किया अनावरण

**नर्मदापुरम।** जिले के ग्राम पांजरा कलां में मंगलवार को भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। यह प्रतिमा सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा सांसद निधि से स्थापित कराई गई है। प्रतिमा का अनावरण क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के साथ संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# सोहागपुर पुलिस ने पकड़ा अवैध मादक पदार्थ गांजा

## आरोपी भी हिरासत में, पूछताछ में जुटी पुलिस




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश में अवैध मादक पदार्थ में संलिप्त लोगों पर कार्यवाही हेतु अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इस क्रम में नर्मदापुरम जिले में एसपी साईं कृष्णा एस थोटा एवं एएसपी अभिषेक राजन के निर्देशन में कार्रवाई जारी है। इस दौरान सोहागपुर पुलिस ने भी मादक पदार्थ पकड़ा है।

सोहागपुर पुलिस द्वारा मंगलवार शाम जारी प्रेसनोट के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोहागपुर संजू चौहान के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ की कार्यवाही करने हेतु पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की पतारसी जारी थी। 13 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जीतू पारदी ग्राम टूराखापा सोहागपुर में अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रय कर रहा है। थाना प्रभारी राहुल रायकवार ने तत्काल कार्यवाही हेतु पुलिस टीम रवाना की। टीम द्वारा सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुये मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर दबिश देकर जीतू उर्फ जीतेन्द्र (पिपिन्डे) पारदी पिता सागर (पिपिन्डे) पारदी उम्र वयस्क निवासी ग्राम टूराखापा को पकड़ा। जिसके कब्जे से 960 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 14,400 रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया ।

### इनकी रही भूमिका

सोहागपुर टीआई राहुल रायकवार, एसआई राहुल पटेल, मुकेश सोनी, प्रधान आरक्षक शैलेन्द वर्मा, महिला आरक्षक नेहा रघुवंशी, आरक्षक विवेक सोनपुरे, सुनील ओझा, मनोहर दायमा, चालक आरक्षक गोपाल चौधरी इस कार्रवाई के दौरान सम्मिलित थे।

# लीनेस क्लब ने बुज़ुर्गों के लिए दान किए कूलर व खाद्य सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लीनेस क्लब सोहागपुर द्वारा वर्षभर जन कल्याण के कार्य किये जाते हैं। इस बार क्लब की ओर से पिपरिया वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिये सामग्री दान की है। जानकारी अनुसार क्लब द्वारा सोमवार को पिपरिया के वृद्ध आश्रम में कूलर दिये गए एवं बुजुर्गों के लिये खाद्य सामग्री का वितरण किया गया है।

खाद्य सामग्री वितरण में इस बात का ध्यान रखा गया है कि खाऐ जाने वाले पदार्थ सौम्य व नरम प्रकृति के हैं। इस सामग्रियों में फल, बिस्किट आदि शामिल हैं। इस दौरान क्लब की ओर से अध्यक्ष नंदनी साहू, सचिव शालनी चौहान, कोषाध्यक्ष मंजू दुबे, अनीता कत्थे, संगीता खनूजा, अर्चना खंडेलवाल, कल्पना रघुवंशी, मीना भावसार, क्षमा दीवान, राधा मालवीय, भावना खंडेलवाल, अनीता चौधरी, संगीता चौधरी व अन्य ने सहभागिता की।

# समितियों में गेहूं खरीदी हुई शुरू, किसानों ने की अनावश्यक पैसा वसूली की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के लगभग 14 केंद्र पर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य 2625 रुपये कुंटल के मान से गेंहू खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा सेवा सहकारी समिति प्रबंधक को तुलावटी हम्माल मजदूर को देने के लिए 6रुपे कट्टी के हिसाब से दिया जाता है। लेकिन उसके बाद भी तुलावटी हम्माल मजदूर किसान से भी 3 से 5 रुपए कट्टी के मान से बसूल रहे हैं। ऐसा मामला सामने आया है कि वनवारी गांव के सीताराम रघुवंशी सहित अन्य सभी किसानों ने बताया कि वह अपना अनाज तुलाने ले गए थे की अचानक देवगांव सहकारी समिति के हम्माल मजदूर तुलावटी ने किसानों से 3से 5 रुपए कट्टी के मान से राशि की मांग की तभी पहले तुलाई करने हेतु तैयार हुए इस बात की शिकायत प्रबंधक को मोबाइल फोन पर की गई तो सीताराम रघुवंशी ने बताया कि प्रबंधक ने भी 2 रुपए खर्च देने की बात कही है।जो सबूत के तौर पके र रखी है। हल्ला बोल किया गया तो तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी ने पहुंचकर फटकार लगाई।तब जाकर सुधार हुआ। इस बात पर प्रबंधक राजेश शर्मा ने बताया कि पैसा देने का कोई नियम नहीं है। किसान खुद अपना अनाज पहले तुलाई करने के लिए हम्माल मजदूर को पैसा देने का लोभ देते हैं। बात करते हैं। खुद भी बगैर मांगे खुश होकर देते हैं। फिर में इस तरह से अनेकानेक बहाने बनाते हैं। हमने कोई पैसा देने की बात नहीं की है। ऐसा तो लगभग सभी जगह पर होता है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ खरीदी की जाएगी यदि इस तरह की शिकायत प्राप्त हुई तो एफ आई आर दर्ज कराई जा सकती है।

### 29 को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**इटारसी।** आदिवासी ब्लॉक केसला में इस वर्ष मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की तिथि तय न होने के कारण आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर ने स्वयं पहल की है। समिति के तत्वाशधान में 29 अप्रैल को नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। समिति समाज के सहयोग से गरीब कन्याओं का विवाह बिना किसी शुल्क के संपन्न कराएगी। 26 से 28 अप्रैल तक विशेष प्रशिक्षण शिविर होगा, जिसमें प्रशिक्षित भूमकाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराए जाएंगे। सम्मेलन में 30 से 50 जोड़ों के शामिल होने की संभावना है। इसमें सरपंच संघ और जनपद संघ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संरक्षक सुरेंद्र कुमार धुर्वे और सचिव जितेंद्र कुमार इवने ने बताया कि सरकारी प्रक्रियाओं की जटिलताओं के कारण गरीब परिवारों को हो रही परेशानी को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

# भगत सिंह नगर में धूमधाम से मनाई आंबेडकर जयंती




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय भगत सिंह नगर में अहिरवार समाज द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबासाहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और मिष्ठान वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिरवार समाज नर्मदापुरम के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद लोंगरे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब के कड़े संघर्षों की बदौलत ही आज हमें हमारे अधिकार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ₹हमें बाबासाहेब के केवल चित्र की पूजा नहीं, बल्कि उनके चरित्र को अपनाकर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर ओमप्रकाश साकले, धनश्याम सलोकी, रामभरोश अहिरवार, डॉ. भैयालाल साकले, मनोज मंडराई, मोहित मैना, मोहित खुराना, विजय राव, अरविंद चौहान, रोहित बेसकर, विकास अहिरवार रूप से उपस्थित रहे।

# भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब की मनाई गई जयंती, हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती माता मोहल्ला में आयोजन कर मनाई डॉ आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर उपस्थित वक्ताओं ने उन्हें स्मरण कर अपने विचार रखें। आयोजन में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे नारे लगाए उपस्थित सभी लोगों ने संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। नवांकुर संस्था ने आयोजन कर अम्बेडकर जयंती मनाई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव ने आयोजन की उदेश्य एवं रूपरेखा के बारे में बताकर स्वागत उदबोधन किया। अतिथि विजयशंकर यादव ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने मुख्य रूप से दलितों के उत्थान, सामाजिक न्याय, और समानता के लिए के लिए समाज में कार्य किया है।

# खाकी ने जताई बेज़ुबान पक्षियों के लिए चिंता, की पानी की व्यवस्था

## गर्मी में मददगार बने वनाधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने जगह-जगह लगाए पानी पीने के लिए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





खाकी वर्दी में पुलिसकर्मी कानून व्यवस्था बनाने में सहायक होते हैं, तो वनकर्मी वन्यजीव व जंगल की सुरक्षा करते हैं। वहीं खाकी वर्दीधारी कर्मचारी सामाजिक कार्यों का भी संदेश देते हैं। गत दिनों पुलिस तथा वनकर्मियों ने गर्मी में पंछियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की है।

सोहागपुर-नवलगांव मार्ग स्थित वन विभाग के डिपो में गत दिवस डिपो अधिकारी रेंजर सुमित पांडे के नेतृत्व में वनकर्मियों संतोष मालवीय, योगेश रघुवंशी, कैलाश मालवीय, उधम सिंह राजपुत, बलबीर पवार, सुरेंद्र नागले आदि ने परिसर में दर्जनों सकोरे बांधे हैं। वनकर्मी बलवीर पवार ने बताया कि वे प्रतिवर्ष निजी व्यय से सकोरे खरीदते हैं तथा वन कर्मियों व अधिकारियों के सहयोग से इन सभी सकोरों को डिपो परिसर में बांधा जाता है। नियमित इन सकोरों में पानी भरा जाता है। उल्लेखनीय है कि डिपो का पूरा क्षेत्र हरा भरा है, जहां हजारों पंछी गर्मी के मौसम में आते हैं। उनके लिए पानी की व्यवस्था करते हुए वनाधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया है। सुमित पांडे ने जनता से अपील की है कि वे भी अपने घरों के आसपास पंछियों के लिए सकोरे बांधने का कार्य जरूर करें।

### पुलिस ने दिया संदेश

गर्मियों में पक्षियों के लिए दाना पानी के साथ आमजन के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था का काम पुलिस द्वारा किया जा रहा है। टीआई राहुल रायकवार के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर में सकोरे लगाऐ हैं। वहीं परिसर में नागरिकों के लिये प्याऊ भी शुरू की है। एएसआई गणेश राय ने बताया कि गर्मी में घरों अथवा कार्यालयों में पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था जरूर करना चाहिए। सकोरों के लिये मिट्टी से बने चीजों का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि इनमें जल शीतल रहता है। थाना सोहागपुर परिसर में आमजन के लिए शीतल जल की व्यवस्था एवं पक्षियों के लिए वृक्षों पर सकोरे बांधकर जल व्यवस्था की गई है।

## नर्मदांचल में जारी है 8वां पोषण पखवाड़ा

# नारी शक्ति वंदन अभियान और गोदभराई कार्यक्रम का हुआ आयोजन, महिलाओं को बांटी श्रृंगार की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




मंगलवार को परियोजना इटारसी के सेक्टर 2 वार्ड 5 रामगढ़ केंद्र क्रमांक 11,64,65 में आठवें पोषण पखवाड़े एवं नारी शक्ति वंदन अभियान व गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद गीतांजलि, मनीष चौधरी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सेक्टर पर्यवेक्षक रेखा चौरे,जनप्रतिनिधि रेखासेन, खुमानसेनजी, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता, साहयिका, वार्ड की महिला, बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गर्भवती, धात्री एवं अन्य महिलाओं को थीम मातृ एवं शिशु पोषण

गतिविधि-

जंक फूड पैक फूड के खतरों के बारे में वार्ड पार्षद गीतांजलि चौधरी के द्वारा बताया गया कि बाहर की खाद्य सामग्री बच्चों को ना खिलाये ना स्वयं खाएं।

सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा स्थानीय स्तर पर मिलने वाले सभी प्रकार के अनाज, मौसम अनुसार मिलने वाले फल, सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करने के लिए बताया गया। संभव हो सके तो सब्जियां अपने घरों में लगाएं। वार्ड में पोषण रैली निकाल कर वार्डवासियों को पोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया।

₹नारी शक्ति वंदन₹ अभियान भारत सरकार की एक अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को राजनीतिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है यह अधिनियम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देता है जानकारी दी गई। द्वितीय मंगलदिवस( गोदभराई) राधा, राजकुमार केवट, निकिता/विकास बड़कुर, विनीता, दीपक केवट गोदभराई का आयोजन किया गया जिसमें पार्षद द्वारा श्रीफल/ श्रंगार सामग्री उहार स्वरूप प्रदान की गई। खुमान सेन व उनकी पत्नी रेखा सेन द्वारा आंगनवाड़ी के लिए घड़ी भेंट की गई।

### आंबेडकर जयंती पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन



**इटारसी।** भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने बाबासाहेब के जीवन संघर्ष, उनकी प्रारंभिक शिक्षा और संविधान निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब का जीवन सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक है, जो हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है।

# भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब की मनाई गई जयंती, हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद क्षेत्र में लगातार जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी पंचायत में तथा पचमढ़ी रोड से सभी प्रमुख मार्गों पर संविधान निर्माता डा भीमराव अम्बेडकर को याद किया गया। शहर के लोहिया वार्ड सहित नगर पालिका के सभी वार्ड में भाजपा संगठन के साथ विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

पार्षद कोशल्या ठाकुर सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों पार्षदों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए।सभी जगहों पर बाबा साहब डॉ भोमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भी बाबा साहब डॉ भोमराव अंबेडकर की शोभायात्रा में शामिल होकर पूजा अर्चना करते हुए उन्हें याद किया। इतवारा बजाय में नगर कांग्रेस कमेटी ने सम्मानित किया गया। स्वागत किया गया। मंगलवारा चौराहे पर नगरपालिका परिषद दुर्गा मंदिर समिति तथा अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मानित किया गया। अनेकानेक जगहों पर लगातार समाजसेवी संस्थाओं ने स्वागत सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुकरावद निवासी संतोष (48) पिता रामप्रसाद बघेल अपनी मां सुशीला बाई के साथ बाइक से हरदा आ रहे थे। वे गांव के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने जा रहे थे। पंप पर मुड़ते समय मगरधा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से संतोष के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायल सुशीला बाई ने बताया कि संतोष उनके चार बेटों में सबसे बड़ा था। उन्होंने बताया कि वे दिल्ली में रहने वाली अपनी छोटी बहन की शादी के लिए कपड़े खरीदने हरदा जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

### पौध संरक्षण औषधि की जांच के लिए बनाए गए विकासखंड स्तरीय दल

**हरदा।** जिले के कृषकों को गुणवत्ता युक्त पौध संरक्षण औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में 3 विकासखंड स्तरीय दल एवं 1 जिला स्तरीय दल का गठन किया गया है। उप संचालक कृषि जेएल कास्दे ने बताया कि दल द्वारा जिले के पौध संरक्षण औषधि विक्रेताओं के विक्रय एवं भंडारण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूने आहरित किए जा रहे है। जिला कीटनाशी निरीक्षक द्वारा मेसर्स शुभम एग्रो एजेंसी, छीपानेर रोड हरदा के विक्रय एवं भंडारण प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रेता के पास वर्तमान में चौकीदार नामक कीटनाशक ओषधि का स्टॉक उपलब्ध नहीं पाया गया। संचालनालय द्वारा निर्माता कंपनी को जारी प्रिंसिपल सर्टिफिकेट पर दर्ज सी.आई.आर. नंबर का मिलान पाया गया साथ ही विक्रेता द्वारा कार्यालय में प्रिंसिपल सर्टिफिकेट कीटनाशक विक्रय लाइसेंस में समावेश हेतु फाइल प्रस्तुत की गई है।

### जेल प्रशासन के अनुसार तबीयत बिगड़ने पर किया था अस्पताल में भर्ती

# हत्या के मामले में जेल में बंद कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला जेल में हत्या के मामले में पिछले 10 महीनों से बंद 30 वर्षीय कैदी नागेश मलाजपुरे की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल प्रशासन के अनुसार, सोमवार रात करीब 9:30 बजे तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, मृतक के परिजनों ने जेल में मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वर्तमान में सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और मंगलवार सुबह मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे की जेल में हत्या की गई है। उन्होंने आशंका जताई कि नागेश के साथ जेल में मारपीट हुई, जिससे उसकी मौत हुई। उन्होंने बताया कि नागेश उनका इकलौता बेटा था और उसके 9 व 6 साल के दो छोटे बेटे हैं। पिता ने बताया कि गुरुवार को नागेश की मां उससे जेल में मिलने गई थीं, तब उसने किसी तरह की तकलीफ नहीं बताई थी। शनिवार को भी परिवार के सदस्यों ने फोन पर बात की थी, तब भी नागेश ने स्वस्थ होने की बात कही थी। सोमवार रात करीब 11 बजे उन्हें बेटे की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली, लेकिन जब वे अस्पताल पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि नागेश मलाजपुरे 29 जून को हुए हत्याकांड के मामले में आरोपी था और गत 3 जुलाई से जिला जेल में बंद था। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में मृतक के शव का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराकर पीएम कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, इस आपराधिक मामले में शहर की चौबे कॉलोनी निवासी मोहित गौर (26) को यूनुस कट्टू, शाहरुख और नागेश मलाजपुरे ने दुकान से लौटते समय गुर्जर बोर्डिंग के पास से कार में अगवा कर लिया था।

आरोपियों ने मोहित पर एक लाख रुपए के लेनदेन का दबाव बनाया था, जो यूनुस को मोहित के दोस्त शुभम से लेने थे। मोहित के इनकार करने पर उसे सुनसान इलाके में ले जाकर बुरी तरह पीटा गया। पहले उसे रहटगांव के जंगल में ले जाया गया और फिर शहर के बारह बंगला स्थित खाली रेलवे क्वार्टर में अधमरा कर फेंक दिया गया था। आरोपी उसे मरा समझकर भाग गए थे। बाद में होश आने पर मोहित ने परिजनों को सूचना दी थी।

# अग्नि दुर्घटना पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

वनांचल के ग्राम बड़झिरी में शनिवार को अचानक आग लगने से 8 परिवारों के बसे घर जल गए, आगजनी की इस दुखद घटना में परिवार के पास तन पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ नहीं बचा, पूर्ण रूप से घर जलकर नष्ट हो गए तथा खाद्यान्न, कपड़े, बर्तन सभी आगजनी मे नष्ट हो गए।

इस दुखद घटना से आहत होकर अनुविभागीय अधिकारी टिमरनी संजीव कुमार नागु ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए पीड़ित परिवारों को तात्कालिक सहायता के रूप में खाद्यान्न, बिस्तर एवं कपड़ों की व्यवस्था कर पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर संवेदना व्यक्त की एवं परिवार के सदस्यों को सहायता के रूप में महिलाओं को साडी, पेटीकोट, ब्लाउज एवं पुरुषो को धोती, बिछाने की दरियां, ओढ़ने के कम्बल व अनाज, आटा, गेहूं, दाल, चावल, तेल, मिर्च व नमक मसालो की खाद्यन किट प्रदान की। इस दौरान शासकीय अनुदान आरबीसी 6(4) के तहत स्वीकृति हेतु आश्वस्त किया गया।

# वन अमले ने ग्रामीणों को दी समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

वन परिक्षेत्र मगरधा सामान्य अंतर्गत मंगलवार को वनग्राम लाखादेह में मानव-वन्यजीव द्वंद की घटनाओं के नियंत्रण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपस्थित स्थानीय ग्रामवासी, सुरक्षा श्रमिक, जनप्रतिनिधि एवं स्टाफ को ग्रीष्मकाल में महुआ, तेंदूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज के संग्रहण हेतु स्थानीय ग्रामवासी के जाने पर कभी-कभी उनका सामना बाघ तेंदुआ एवं अन्य वन्यजीव से होने के कारण जन घायल, जनहानि की घटना से बचाव हेतु समझाइए दी गई। स्थानीय लोगों को वनोपज के संग्रहण हेतु समूह बनाकर ही जंगल में प्रवेश करने एवं साथ में आवश्यक सामग्री जैसे डंडा, मोबाइल, टॉर्च, पानी आदि साथ रखने हेतु निर्देशित किया। अंधेरे में जंगल में प्रवेश न करने एवं छोटे बच्चों को भी साथ में जंगल न ले जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा एवं वन सुरक्षा संबंधी अन्य विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में वन परिक्षेत्र मगरधा की समस्त वन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पंचायत के सरपंच उपसरपंच, समिति अंतर्गत लगे हुए वन सुरक्षा श्रमिक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में डॉ. आंबेडकर जयंती समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आरके दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, कलेक्टर सिध्दार्थ जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी संघ हरीश कौशल, जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व छात्र उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरुष की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुए है जिन्हें देश के संविधान निर्माता कहा जाता है। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आरके दोगने ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य मे आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण किया है। उन्होंने संविधान में सबको समान अधिकार दिये है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर जी उद्देश्य था कि समाज का हर वर्ग शिक्षित हो, हमे उनके उद्देश्य को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर को संविधान का निर्मिता भी कहा जाता है।

पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती उपलक्ष्य में उपस्थित हुए है। उन्होंने कहा कि बचपन से ही डॉ. अम्बेडकर में कुछ कर दिखाना का जसवा था। उन्होंने संकल्प लिया कि अगर देश से छुआछूत मिटाना है तो शिक्षित होना होगा इसलिए उन्होंने तय किया कि उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा ग्रहण करना होगा, जिसके लिए वह विदेश भी गए और वहां से भी शिक्षा ग्रहण की। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र आरती पिता राजेश राठौर 98%, रवि चौहान पिता जियालाल 86% को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत प्रियंका पति लक्की सोलंकी, सोडलपुर तथा जिला अंत्यावसायी निगम की डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत धीरज पिता शोभाराम, बीड़ को एक लाख का ऋण बैंक ऑफ इंडिया मसनगांव से 'किराना व्यवसाय' के लिए तथा संत रविदास स्व-रोजगार योजना के तहत अर्जुन पिता भिक्कू, हरदा को 12.50 लाख का ऋण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हरदा से 'बोलेरो लोडिंग वाहन' के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिला संयोजक पारूल जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# उपार्जन केंद्रों पर सुचारू रूप से संचालित हो उपार्जन का कार्यः कलेक्टर



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशासन का पहला दायित्व जनता को समय पर राहत पहुंचाना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. 14 अप्रैल को डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर ग्रामों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएं और डॉ. आंबेडकर के जीवन, विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में गतिविधियां आयोजित की जाएं।

उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो। केंद्रों पर किसानों को कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही स्लॉट बुकिंग के अनुसार तय तारीख पर ही किसानों से गेहूं की खरीदी की जाए। उन्होंने सभी राजस्व एवं नोडल अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का निरंतर भ्रमण करने और मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि 13 अप्रैल तक जिले के कुल 737 किसानों से 3283.05 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। बैठक में चना-मसूर उपार्जन की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि अभी तक जिले में 122 टन चना और 96 टन मसूर की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर ने नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में पानी के बिल अधिक से समय लंबित हैं, वहां किस्तों में बिल की वसूली की जाए, ताकि राजस्व भी एकत्रित हो सके और नलजल योजनाएं भी चलती रहें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

# सीएम के रोड शो में जेब कतरों की मौज, आधा दर्जन लोगों के मोबाइल और पर्स उड़ाए

## पुलिस ने 4 संदिग्धों को दबोचा, पूछताछ जारी




**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आष्टा प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चूक नजर आई। एक तरफ पुलिस का पूरा अमला सीएम के सुरक्षा घेरे को चाक-चौबंद करने में जुटा था तो दूसरी तरफ शातिर जेबकतरों और लुटेरों ने अपना 'काम' बखूबी अंजाम दिया। 12 अप्रैल को आयोजित रोड शो और लाड़ली बहना कार्यक्रम की भीड़ का फायदा उठाकर बदमाशों ने कई लोगों की जेबों पर हाथ साफ कर दिया।

बता दें मुख्यमंत्री के स्वागत में उमड़े जनसैलाब के बीच अपराधी इतने बेखौफ थे कि उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में ही वारदातों को अंजाम दिया। फूलों की वर्षा और स्वागत की आपाधापी के दौरान कई नागरिकों को भनक तक नहीं लगी कि कब उनकी जेब कट गई। अब तक करीब चार से अधिक लोग पुलिस के पास चोरी की लिखित शिकायत लेकर पहुंच चुके हैं।

### कोठरी में महिला के गले से चेन झपटी

सीएम के कार्यक्रम के दौरान ही पास के कस्बे कोठरी से भी एक बड़ी वारदात सामने आई। यहां जैन मुनि संस्कार सागर महाराज के प्रवास के दौरान जब महिलाएं 'आहार' की रस्म के लिए जा रही थीं, तभी एक बाइक सवार नकाबपोश लुटेरे ने कैलाश जैन (चित्रलोक) की पत्नी के गले से दो तोले की सोने की चेन झपट ली। अचानक हुए इस हमले से महिलाएं सहम गईं, लेकिन फिर भी उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए लुटेरे का पीछा किया। हालांकि संकरी गलियों का फायदा उठाकर बदमाश भाग निकला।

### 4 संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी

लगातार हो रही चोरियों की शिकायतों के बाद आष्टा पुलिस हरकत में आई है। पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में घेराबंदी कर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी गिरीश दुबे के अनुसार मोबाइल और पर्स चोरी के संबंध में अब तक हमारे पास चार आवेदन आए हैं। संदेह के आधार पर चार व्यक्तियों को पकडक़र पूछताछ की जा रही है।

### पीएचई के मैकेनिकल विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

# लापरवाहीः ग्रापं के प्रस्ताव के बिना ही निजी जमीन पर कर दिया सरकारी बोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सरकारी महकमों में लापरवाही का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत बराड़ीकला के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़वेली में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैकेनिकल विभाग ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक निजी जमीन पर सरकारी बोर खनन कर दिया है। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पीएचई विभाग द्वारा गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए बोर खनन किया गया था। लेकिन जब मशीन चली और बोर हुआ तो पता चला कि जिस स्थान पर सरकारी पैसा खर्च कर खनन किया गया है, वह जमीन किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति है। नियमानुसार सरकारी बोर हमेशा सरकारी जमीन पर ही होना चाहिए ताकि भविष्य में उस पर सार्वजनिक स्वामित्व रहे। निजी जमीन पर सरकारी बोर होने से अब इसके उपयोग और स्वामित्व को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।



**जांच के घेरे में पीएचई विभाग :** यह मामला भ्रष्टाचार या भारी लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है। क्या विभाग के अधिकारियों ने मिलीभगत कर किसी निजी व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी खजाने से बोर कराया है।

**ग्राम पंचायत ने खड़े किए हाथ**

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ ग्राम पंचायत के बयान से आया है। आमतौर पर पीएचई विभाग ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर ही खनन स्थल तय करता है, लेकिन ग्राम पंचायत बराड़ीकला के सचिव अखिलेश मेवाड़ा ने स्पष्ट किया है कि पंचायत की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया था। सचिव मेवाड़ा ने बताया कि ग्राम पंचायत हमेशा सरकारी जमीन पर ही बोर खनन का प्रस्ताव बनाकर देती है। निजी जमीन पर सरकारी बोर लगाने का सवाल ही पैदा नहीं होता और न ही हमारी ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव दिया गया है।

# 39 डिग्री पहुंचा पाराः 24 घंटे में 2 डिग्री बढ़ा तापमान

## मौसम विभाग ने जताई लू चलने की आशंका



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 39 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है, जो एक दिन पहले 37 डिग्री सेल्सियस था। तापमान में लगातार हो रही इस वृद्धि के कारण लोगों को तेज धूप और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के साथ लू चलने की आशंका जताई है, जबकि जिले में बीते 3 दिनों से सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक भीषण गर्मी का दौर जारी है।

### वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म

उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह की शुरुआत में मौसम का मिजाज अचानक बदला था। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से कुछ दिनों तक हल्की बारिश भी हुई थी। हालांकि, अब आसमान पूरी तरह साफ हो गया है और इन मौसमी प्रणालियों का असर समाप्त हो गया है, जिसके चलते तापमान में तेजी से उछाल आया है।

**तापमान एक नजर में**

9 अप्रैल: 38 डिग्री सेल्सियस
10 अप्रैल: 34 डिग्री सेल्सियस
11 अप्रैल: 36 डिग्री सेल्सियस
12 अप्रैल: 37 डिग्री सेल्सियस
13 अप्रैल: 39 डिग्री सेल्सियस

### बीते 5 दिनों का अधिकतम तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल मौसम में किसी अन्य बदलाव की संभावना नहीं है और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, जिससे गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ेगा। जिले में बीते 5 दिनों का अधिकतम तापमान इस प्रकार दर्ज किया गया।